प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 10.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रदेश में कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां, विद्यार्थियों में उत्साह का माहोल।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज चित्तौडगढ दौरे पर–विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा –भारतीय संस्कृति एकता, समन्वय, सामंजस्य और सहिष्णुता का प्रतीक।

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारियों, तनाव से निपटने और व्याक्तिगत विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। ये कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया जायेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल, शिक्षा और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के पिछले वर्ष के संस्करण में कहा था कि विद्यार्थियों को किसी भी तरह के दबाव को सहने के लिए सामर्थ्यवान बनना है।

............................

प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवस्थाएं की गई है। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह है।
मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी जयपुर के मानसरोवर के कावेरी पथ स्थित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में मौजूद रहेंगे और परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। सवाईमाधोपुर में पीएम श्री विद्यालयों में प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। करियर डे के रूप में मनाये जा रहे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्र में करियर के अवसर के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जाएगी। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

............................

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का उद्घाटन करेंगे। रनवे टू ए बिलियन अपॉर्च्युनिटीज की थीम पर पांच दिवसीय कार्यक्रम में भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस शो के माध्यंम से भारतीय एम एस एम ई और स्टार्ट अप को वैश्विक निर्माताओं के साथ संयुक्त उद्यम या सहयोग स्थापित करने और एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

............................

जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी कल टोंक के दौरे पर रहे। श्री चौधरी ने वहां ''जनप्रतिनिधि आपके द्वार'' के तहत टोडारायसिंह क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण समय पर करें। उन्होंने बोटूंदा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को आवासीय पट्टे भी सौंपे। जलदाय मंत्री ने थड़ोली, बोटूंदा समेत अन्य गांवों में कचरा पात्र गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज चित्तौडगढ के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा जयपुर से उयरपुर एयरपोर्ट पंहुचेंगे। वहां से मातृकुण्डिया हेलिपेड जाऐंगे। इसके बाद वे तेजाजी और महादेवजी मन्दिर में दर्शन करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री पशुपतिनाथ महादेव के नवनिर्मित मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री का वहां से रावतभाटा के राणा प्रताप सागर और सैडल डैम पर जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

............................

विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में आज बाड़मेर में विश्वकर्मा मंदिर में यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस मौके पर आज दोपहर बाद शहर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर कल बाड़मेर में वाहन रैली का भी आयोजन किया गया था। हनुमानगढ़ में विश्वकर्मा मंदिरों में अखंड पाठ और लंगर का आयोजन हो रहा है। जैसलमेर के पोकरण में भगवान विश्वकर्मा मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मंदिर में सुबह से ही हवन का कार्यक्रम चल रहा है। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

............................

और अब महाकुंभ से जुडी खबरें–

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज प्रयागराज महाकुंभ जाएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

............................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारतीय संस्कृति एकता, समन्वय, सामंजस्य, स्नेह, और सहिष्णुता की संस्कृति है। भारत ने विश्व की विभिन्न संस्कृतियों को अपने में आत्मसात करते हुए, उन्हें आदर और सम्मान देने के बावजूद अपने अस्तित्व और आदर्शों को जिंदा रखा है। श्री देवनानी ने कल अजमेर में एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आज राष्ट्र के सामने बहुत सारी चुनौतियाँ हैं। इसका मुकाबला करने के लिए युवाओं को स्वामी विवेकानन्द का अनुगामी बनना होगा। श्री देवनानी ने अजमेर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में 'नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ इंश्योरेन्स वर्कर्स' की ओर से आयोजित 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इंडिया कॉन्फ्रेन्स में भी भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम देश की तरक्की और आमजन में सुरक्षा के भाव का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने निगम कार्मिकों से देश के हित में पॉलिसीधारकों के हितों की पूरी तरह रक्षा करने का आह्वान किया।

............................

करौली जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज से अटल सेवा केंद्रों पर खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लोगों के ऑनलाइन आवेदन के लिए शिविर लगाये जा रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन शिविरों में योजना से संबंधित पोर्टल से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 23 फरवरी को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 119वीं कड़ी होगी।

............................